CISF NEWSLETTER

APR-JUN 2026

Contents

- सीआईएसएफ के नए मुख्यालय भवन की आधारशिला एवं अन्य भवनों का वर्चुअल उद्घाटन 1-2
- CISF Honours its Bravehearts at NPM 3
- World Environment Day-26 4
- Fire Service Week 4
- International Day of Yoga-26 5-6
- नए इंडक्शन 7-8
- Passing Out Parade 8
- भावभीनी विदाई 9
- पदोन्नति एवं रैंक अलंकरण 10
- Sports Activities 10-11
- Inauguration of CISF Barrack Complex at PMM&L 11
- CISF signs MoU with Heartfulness Institute to enhance mental well-being of personnel 12
- महानिदेशक द्वारा इकाइयों का दौरा 12-13
- Induction & Retirement Ceremony for Canine 14
- सीआईएसएफ द्वारा सराहनीय कार्य 15
- Mock Exercises 16
- संरक्षिका गतिविधियाँ 17
- लेख एवं कविता संकलन 18-20
- भारत के वीर पोर्टल: अपील 20

Chief Patron
Shri Praveer Ranjan
DG CISF

Patron
Shri Vijay Prakash
ADG (HQrs)

Editor-in-Chief
Smt. Sonia Narang
IG (Tech & Prov)

Editorial Board
Shri Apoorv Pandey
DIG (INT) & Chief PRO
Shri Saroj Bhupendra
DC (PRO)

नई दिल्ली में सीआईएसएफ के नए मुख्यालय भवन की आधारशिला एवं अन्य भवनों का वर्चुअल उद्घाटन



केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री बंडी संजय कुमार, श्री प्रवीर रंजन, महानिदेशक सीआईएसएफ एवं अन्य गणमान्य अतिथियों के साथ नई दिल्ली के सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड स्थित केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) के नए मुख्यालय भवन की आधारशिला एवं अन्य भवनों का वर्चुअल उद्घाटन करते हुए

दिनांक 22 जून 2026 को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री बंडी संजय कुमार ने नई दिल्ली के सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड स्थित केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) के नए मुख्यालय भवन की आधारशिला रखी तथा बल की ₹136.03 करोड़ की विभिन्न अवसंरचना परियोजनाओं का उद्घाटन एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर केंद्रीय गृह सचिव श्री गोविंद मोहन, निदेशक इंटेलिजेंस ब्यूरो श्री तपन कुमार डेका, सांसद श्रीमती बांसुरी स्वराज, महानिदेशक CISF श्री प्रवीर रंजन सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (CPWD) द्वारा लगभग ₹75.78 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाला नया नौ मंजिला मुख्यालय भवन CISF के प्रशासनिक, परिचालन एवं रणनीतिक कार्यों का प्रमुख केंद्र बनेगा। इस अत्याधुनिक भवन में महानिदेशक एवं विभिन्न शाखाओं के कार्यालयों के साथ आधुनिक कंट्रोल रूम, सम्मेलन कक्ष, सभागार, पुस्तकालय, व्यायामशाला तथा अन्य उन्नत सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे बल की कार्यकुशलता और समन्वय क्षमता और सुदृढ़ होगी।

समारोह के दौरान गृह राज्य मंत्री ने राष्ट्रीय औद्योगिक सुरक्षा अकादमी (NISA), हैदराबाद में ₹34.22 करोड़ की लागत से निर्मित अधीनस्थ अधिकारी मेस 'आदित्य', ₹20.53 करोड़ की लागत से बने अत्याधुनिक प्रशिक्षण भवन 'अभ्यास' तथा चौथी आरक्षित वाहिनी, अमरावतीपुदुर, शिवगंगई (तमिलनाडु) में ₹5.50 करोड़ की लागत से निर्मित अधीनस्थ अधिकारी आवासों का भी उद्घाटन किया। ये परियोजनाएं CISF के प्रशिक्षण ढांचे, आवासीय सुविधाओं और कर्मियों के कल्याण को नई मजबूती प्रदान करेंगी।

बल कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए समारोह में दिवंगत CISF कर्मियों के आश्रित परिवारों को व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत ₹1-1 करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, संरक्षिका एवं भारतीय स्टेट बैंक (SBI) की संयुक्त पहल के तहत बल कर्मियों के दिव्यांग आश्रित बच्चों को विशेष रूप से तैयार की गई मोटराइज्ड व्हीलचेयर भी वितरित की गईं। यह कार्यक्रम CISF की परिचालन क्षमता, आधारभूत संरचना विकास तथा कार्मिक कल्याण के प्रति सरकार और बल की सतत प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा।



केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री बंडी संजय कुमार CISF के नए मुख्यालय भवन का भूमि पूजन करते हुए



केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री बंडी संजय कुमार इस अवसर पर गणमान्य अतिथियों एवं बल सदस्यों को संबोधित करते हुए



केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री बंडी संजय कुमार, दिवंगत सीआईएसएफ कर्मियों के आश्रित परिवारों को व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत ₹1-1 करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान करते हुए



केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री बंडी संजय कुमार, बल कर्मियों के दिव्यांग आश्रित बच्चों को विशेष रूप से तैयार की गई मोटराइज्ड व्हीलचेयर वितरित करते हुए

CISF Honours its Bravehearts at National Police Memorial

Central Industrial Security Force (CISF) organized a solemn commemorative ceremony at the National Police Memorial, Chanakyapuri, New Delhi on 12th April 2026 to honour its martyrs who made the supreme sacrifice in the line of duty. During the ceremony, floral tributes were paid to 127 CISF martyrs in remembrance of their courage, commitment and devotion to duty. The families of five CISF Bravehearts were specially invited and felicitated.

The event reflected CISF's deep respect for its fallen heroes and reaffirmed the Force's commitment to honour their sacrifice and service to the nation.



Smt. Binita Thakur, ADG (APS) & other Sr. Officers with family memebrs of the CISF Bravehearts at the Central Sculpture at NPM



Family member paying homage to the CISF Braveheart at the Wall of Valour



Shri Saroj Kant Mallick, IG NCR & other Sr. Officers watching a special CISF film with families of CISF Bravehearts



Family members of CISF Bravehearts visiting the Police Museum





Shri Praveer Ranjan, DG CISF felicitating the families of CISF Bravehearts

Plantation Drive : World Environment Day 2026

Reinforcing its commitment to environmental protection and sustainable development, the Central Industrial Security Force (CISF), during its Plantation Drive 2026, undertook the simultaneous plantation of 60,000 saplings across all its operational sectors located throughout the country. The campaign witnessed participation from various establishments, including airports, nuclear installations, industrial units and training institutions.

This initiative forms an integral part of CISF's Annual Plantation Drive 2026, under which the Force has set a target of planting a total of 4,00,000 saplings during the year 2026.

Over the last six years, CISF has emerged as a front-runner in environmental conservation, planting an impressive 44,08,341 saplings against a cumulative target of 35,70,000 between 2020 and 2025, consistently surpassing its annual targets. To further strengthen its green initiatives, the Force has established 289 nurseries and 253 Vatikas dedicated to the memory of fallen CISF personnel, blending environmental stewardship with tribute to its martyrs.

Through sustained afforestation efforts and innovative conservation initiatives, CISF continues to demonstrate that safeguarding the nation extends beyond securing critical infrastructure to preserving and nurturing the environment for future generations.

ASG, Mumbai



BIOM, Bacheli



Fire Service Week

Fire Service Week was observed from 14-20 April 2026 across all 113 CISF Fire Units with great enthusiasm to promote fire safety awareness among PSU employees, school children and local residents. As part of the observance-special mock drills, fire safety demonstrations and emergency response exercises covering various fire hazards and contingencies were conducted.

BSL, Bokaro



FSTI, Hyderabad



International Day of Yoga 2026

On 21st June 2026, International Day of Yoga 2026 was observed across all CISF units and formations with great enthusiasm. At CISF Headquarters, New Delhi, a special yoga session was organized in the presence of Shri Praveer Ranjan, DG, CISF, along with senior officers and personnel. In keeping with this year's theme, "Yoga for Healthy Ageing", participants actively engaged in various yoga practices aimed at enhancing physical fitness, mental resilience and holistic well-being. The observance underscored CISF's enduring commitment to health, wellness, discipline and a culture of fitness.

CISF HQrs, New Delhi





ASG, Coimbatore



ASG, Delhi



ASG, Bhubaneshwar



RTC, Thakkolam



ASG, Leh



DMRC, Delhi



CPA, Cochin




ASG, Rajkot



BSL, Bokaro



KRTC, Mundali



RTC, Bhilai



Victoria Memorial Hall, Kolkata



नए इंडक्शन

सीआईएसएफ ने माह अप्रैल से जून, 2026 की अवधि के दौरान निम्नलिखित प्रतिष्ठानों की सुरक्षा का उत्तरदायित्व संभाला।

क्र.स.	संयंत्र/प्रतिष्ठान का नाम	स्थान (राज्य)	इंडक्शन की तारीख	इकाई कमांडर
1	आरआरटीएस नेटवर्क, दिल्ली	दिल्ली	07-04-2026	उप कमांडेंट
2	दरभंगा एयरपोर्ट (IS Duty)	बिहार	14-05-2026	उप कमांडेंट
3	सुषमा स्वराज भवन, विदेश मंत्रालय का मुख्यालय, नई दिल्ली (सीजीबीएस के अधीन)	दिल्ली	29-05-2026	--
4	नेशनल इंटेलिजेंस ग्रिड (NATGRID), येलहंका, बेंगलुरु	कर्नाटक	30-05-2026	सहायक कमांडेंट
5	सफदरजंग एयरपोर्ट	दिल्ली	17-06-2026	सहायक कमांडेंट

आरआरटीएस नेटवर्क, दिल्ली





दरभंगा एयरपोर्ट, बिहार





सुषमा स्वराज भवन, विदेश मंत्रालय का मुख्यालय, नई दिल्ली





सफदरजंग एयरपोर्ट, दिल्ली





Passing-out-Parade

NISA, Hyderabad

दिनांक 13.06.2026 को सीआईएसएफ द्वारा निसा, हैदराबाद, तेलंगाना में 39वें बैच के 76 सहायक कमांडेंट और 19वें बैच के 124 उप निरीक्षक (पूर्व सैनिक) समेत कुल 200 प्रशिक्षित अधिकारियों की पासिंग आउट परेड (POP) का आयोजन किया गया। समारोह में तेलंगाना के माननीय राज्यपाल श्री शिव प्रताप शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ सीआईएसएफ महानिदेशक श्री प्रवीर रंजन एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। परेड का नेतृत्व परेड कमांडर सहायक कमांडेंट श्री मनीष कुमार राय ने किया। प्रशिक्षुओं ने उत्कृष्ट अनुशासन एवं समन्वय का प्रदर्शन किया। पास आउट होने वाले 76 सहायक कमांडेंट का चयन संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की CAPF परीक्षा के जरिए हुआ है, जिनमें 5 महिला अधिकारी शामिल हैं। सहायक कमांडेंट प्रशिक्षुओं ने 57 सप्ताह का एवं उप निरीक्षक (पूर्व सैनिक) ने 21 सप्ताह का कठोर प्रशिक्षण पूर्ण किया, जिसमें शारीरिक फिटनेस, इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी, विमानन (Aviation) सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, वीआईपी सुरक्षा, अर्बन ऑपरेशंस और आधुनिक हथियार चलाना एवं अन्य आवश्यक विषय शामिल थे। यह आयोजन सीआईएसएफ की उत्कृष्टता और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



तेलंगाना के माननीय राज्यपाल श्री शिव प्रताप शुक्ला जनरल सेल्यूट लेते हुए



प्रशिक्षु देश सेवा की शपथ लेते हुए



तेलंगाना के माननीय राज्यपाल श्री शिव प्रताप शुक्ला 'ऑल राउंड बेस्ट' चुने गये प्रशिक्षु को 'स्वॉर्ड ऑफ ऑनर' से सम्मानित करते हुए



प्रशिक्षणार्थी पास आउट होकर राष्ट्र सेवा की ओर अग्रसर होते हुए

भावभीनी विदाई



श्री प्रवीर रंजन, महानिदेशक सीआईएसएफ, श्रीमती वी. खामो, महानिरीक्षक (प्रशिक्षण), को स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई देते हुए

दिनांक 30.04.2026 को श्रीमती वी. खामो, महानिरीक्षक (प्रशिक्षण), की पूर्णकालिक सेवानिवृत्ति के अवसर पर बल मुख्यालय, नई दिल्ली के राजपत्रित अधिकारी मेस में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री प्रवीर रंजन, महानिदेशक, सीआईएसएफ ने श्रीमती वी. खामो को स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई दी।



श्री प्रवीर रंजन, महानिदेशक सीआईएसएफ, डॉ शिखर सहाय, महानिरीक्षक (एनईएस-II), को स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई देते हुए

दिनांक 31.05.2026 को डॉ शिखर सहाय, महानिरीक्षक (एनईएस-II), की पूर्णकालिक सेवानिवृत्ति के अवसर पर बल मुख्यालय, नई दिल्ली के राजपत्रित अधिकारी मेस में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री प्रवीर रंजन, महानिदेशक, सीआईएसएफ ने डॉ शिखर सहाय को स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई दी।



श्री प्रवीर रंजन, महानिदेशक सीआईएसएफ, श्री सरोज कांत मलिक, महानिरीक्षक (एनसीआर), को स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई देते हुए

दिनांक 30.06.2026 को श्री सरोज कांत मलिक, महानिरीक्षक (एनसीआर), की पूर्णकालिक सेवानिवृत्ति के अवसर पर बल मुख्यालय, नई दिल्ली के राजपत्रित अधिकारी मेस में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री प्रवीर रंजन, महानिदेशक, सीआईएसएफ ने श्री सरोज कांत मलिक को स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई दी।





श्री प्रवीर रंजन, महानिदेशक सीआईएसएफ, श्री अजय दहिया, उप महानिरीक्षक (आसूचना एवं मुख्य जन संपर्क अधिकारी), को स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई देते हुए

दिनांक 30.06.2026 को श्री अजय दहिया, उप महानिरीक्षक (आसूचना एवं मुख्य जन संपर्क अधिकारी), की पूर्णकालिक सेवानिवृत्ति के अवसर पर बल मुख्यालय, नई दिल्ली के राजपत्रित अधिकारी मेस में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री प्रवीर रंजन, महानिदेशक, सीआईएसएफ ने श्री अजय दहिया को स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई दी।

दिनांक 31.05.2026 को श्री दिग्विजय कुमार सिंह, उप महानिरीक्षक (पश्चिम), की पूर्णकालिक सेवानिवृत्ति के अवसर पर बल मुख्यालय, नई दिल्ली के राजपत्रित अधिकारी मेस में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री प्रवीर रंजन, महानिदेशक, सीआईएसएफ ने श्री दिग्विजय कुमार सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई दी।

श्री प्रवीर रंजन, महानिदेशक सीआईएसएफ
श्री दिग्विजय कुमार सिंह, उप महानिरीक्षक (पश्चिम),
को स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई देते हुए

पदोन्नति एवं रैंक अलंकरण समारोह



श्री प्रवीर रंजन, महानिदेशक सीआईएसएफ श्री विनय काजला को रैंक बैज अलंकरण करते हुए

दिनांक 01.06.2026 को श्री विनय काजला के महानिरीक्षक पद पर पदोन्नति के उपलक्ष्य में पदोन्नति एवं रैंक अलंकरण समारोह का आयोजन बल मुख्यालय, नई दिल्ली स्थित राजपत्रित अधिकारी मेस में किया गया। इस अवसर पर श्री प्रवीर रंजन महानिदेशक, सीआईएसएफ, ने श्री विनय काजला का महानिरीक्षक पद के रैंक बैज अलंकरण किया।

SPORTS ACTIVITIES

CISF Wrestler HC Abhimanyu Clinches Gold at Asian Wrestling Championship 2026



HC Abhimanyu of the CISF Central Wrestling Team brought laurels to the Force and the nation by winning the **Gold Medal** in the **70 kg freestyle** category at the **Asian Wrestling Championship 2026**, held in Bishkek, Kyrgyzstan, from **6–12 April 2026**. The 24-year-old wrestler from Hisar, Haryana, displayed exceptional skill and determination to emerge victorious against Asia's top wrestlers. Ranked **World No. 3**, Abhimanyu had earlier won **Gold** at the **Senior National Wrestling Championship 2025**. Since joining CISF in 2022, he has consistently exemplified excellence, discipline and sporting spirit, bringing pride to the Force and the nation.

CISF'S HC/GD RITU SHEORAN CAPTAINS INDIA TO GOLD AT THE 6TH ASIAN BEACH GAMES, SANYA, CHINA



HC/GD Ritu Sheoran of the CISF Central Kabaddi Team, NFL Panipat, led the Indian Women's Beach Kabaddi Team to a **Gold Medal at the 6th Asian Beach Games, held in Sanya, China, from 22–27 April 2026**, with India defeating Sri Lanka 47–31 in the final. She was the sole CISF representative in the Indian contingent. A consistent performer, Ritu also won Gold at the 2nd Women's Kabaddi World Cup 2025, the 6th Asian Kabaddi Championship 2025, and the National Games 2025, besides securing Bronze at the Senior National Kabaddi Championship 2025. Since joining CISF as a Head Constable in 2022, she has brought immense pride to both the Force and the nation through her exceptional achievements.

CISF Karate Player HC/GD (Sports) Aaryaman Sangwan, Wins International Bronze



HC/GD (Sports) Aaryaman Sangwan brought laurels to the Nation and the Force by securing the **Bronze Medal in the Under-84 kg category at the 25th Milo International Open Karate Championship-2026, held in Kuala Lumpur, Malaysia, from 25–28 June 2026**. His outstanding achievement against top international competitors reflects the spirit of excellence, dedication and discipline fostered by CISF. The Force congratulates him on this proud accomplishment and reaffirms its commitment to nurturing sporting talent.

CISF Secures overall 03rd at Second All India Police Badminton & Table Tennis Championship 2025-26

The Central Industrial Security Force (CISF) improved it's record by securing the overall 3rd position for the first time at the 2nd All India Police Badminton & Table Tennis Championship 2025-26, held at Lucknow from 9th to 13th May 2026. The Championship, organised by Uttar Pradesh Police, saw participation of nearly 1,400 players among 43 participating teams from State Police Forces and Central Armed Police Forces across the country.

In a remarkable rise from its previous best of 16th position, CISF finished with a record haul of 13 medals — 5 Gold, 2 Silver and 6 Bronze, securing the 3rd position overall, after Mizoram Police (1st) and CRPF (2nd). The CISF Women's Team won the Gold Medal in the Team Championship, while the Men's Team bagged Bronze. Star performers AC Urvashi Shaw and L/HC Aashi Rawat led the medal tally with multiple golds. Sr. Commandant K.K. Bhardwaj added a Silver and a Bronze and Commandant Roshan Raja secured a Bronze in the GOs' Men's Doubles (35+) category.





Inauguration of CISF Barrack Complex at PMM&L Strengthens Welfare and Operational Readiness

On April 15, 2026, a newly constructed barrack complex for CISF personnel was inaugurated at the Prime Ministers' Museum & Library (PMM&L) by Director General, CISF, Shri Praveer Ranjan, in the presence of Chairman, PMM&L, Shri Nripendra Mishra; Director, PMM&L, Shri Ashwani Lohani and other dignitaries. The modern facility, comprising air-conditioned accommodation for 55 personnel, a well-equipped mess with dining facilities and an integrated armoury, will significantly enhance operational efficiency and improve living standards for CISF personnel deployed at the prestigious national institution. Entrusted with CISF security cover since 2022, the PMM&L continues to witness strengthened infrastructure support reflecting the Government's commitment towards welfare, motivation and capacity-building of the Force.





Shri Praveer Ranjan, DG, CISF alongwith Shri Nripendra Mishra, Chairman, PMM&L and Shri Ashwani Lohani, Director, PMM&L inaugurated CISF barrack complex at PMM&L

CISF Signs MoU with Heartfulness Institute to Enhance Mental Well-being of Personnel

On 12 May 2026, in a significant initiative to promote mental well-being and emotional resilience among its personnel, the Central Industrial Security Force (CISF) signed a five-year Memorandum of Understanding (MoU) with the Heartfulness Institute (HFI) in New Delhi. The partnership aims to help personnel effectively manage stress arising from demanding operational duties and challenging work environments through meditation, mindfulness and holistic wellness programmes.

Under the collaboration, CISF personnel and their families will benefit from meditation workshops, stress management sessions, counselling support, wellness programmes and access to the "Voice that Cares" helpline. The initiative also envisages integrating Heartfulness practices into CISF training institutions, reinforcing the Force's commitment to the mental health, well-being and overall quality of life of its personnel.





महानिदेशक द्वारा सीआईएसएफ इकाइयों का दौरा

श्री प्रवीर रंजन, महानिदेशक, सीआईएसएफ ने अप्रैल से जून 2026 के दौरान निम्नलिखित इकाइयों का दौरा किया:

इकाई का नाम	दिनांक	इकाई का नाम	दिनांक
एएसजी डिब्रुगढ़, गुवाहाटी, कोलकाता	30.03.2026 से 02.04.2026	एएसजी दरभंगा	14.05.2026
एएसजी हैदराबाद, निसा, हैदराबाद, एएसजी कोलकाता, एएसजी बागडोगरा	17.04.2026 से 19.04.2026	एएसजी चंडीगढ़	29.05.2026 से 30.05.2026
एएसजी चेन्नई एवं एएसजी कोलकाता	21.04.2026 से 24.04.2026	एएसजी श्रीनगर एवं जम्मू-कश्मीर की इकाइयां	06.06.2026 से 08.06.2026 एवं 20.06.2026
एनईएस-2 मुख्यालय कोलकाता एवं कोलकाता स्थित अन्य इकाइयां	27.04.2026 से 30.04.2026 एवं 03.05.2026 से 07.05.2026	एएसजी हैदराबाद एवं एएसजी तिरूपति	12.06.2026 से 14.06.2026

एएसजी चंडीगढ़





श्री प्रवीर रंजन, महानिदेशक, सीआईएसएफ, चंडीगढ़ में उत्तर क्षेत्र एवं एपीएस सेक्टर की परिचालन समीक्षा मिटिंग के दौरान अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ

दक्षिण खंड मुख्यालय, चेन्नई



श्री प्रवीर रंजन, महानिदेशक सीआईएसएफ, दक्षिण खंड मुख्यालय चेन्नई में परिचालन समीक्षा मिटिंग के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के साथ

एएसजी हैदराबाद



श्री प्रवीर रंजन, महानिदेशक, सीआईएसएफ, एएसजी हैदराबाद में परिचालन समीक्षा मिटिंग के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के साथ

एनईएस-2 मुख्यालय कोलकाता एवं कोलकाता स्थित अन्य इकाइयां





श्री प्रवीर रंजन, महानिदेशक, सीआईएसएफ, कोलकाता में विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा मीटिंग के दौरान अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं जवानों के साथ

श्रीनगर (जम्मू एवं कश्मीर)



श्री प्रवीर रंजन, महानिदेशक, सीआईएसएफ, श्रीनगर दौरे के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जेलों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए

एएसजी दरभंगा



श्री प्रवीर रंजन, महानिदेशक, सीआईएसएफ, एएसजी दरभंगा में वरिष्ठ अधिकारियों एवं प्रबंधन अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए

Induction and Retirement Ceremony for Canine

ASG Navi Mumbai

On 09.06.2026, a welcome ceremony was organized at ASG Navi Mumbai to induct three newly trained K9s—Scout, Tiger and Bolt—into the Dog Squad following their successful completion of the Basic Explosive Detection Course. The event featured a formal induction ceremony, cake-cutting and an impressive K9 demonstration that showcased the canines' discipline, agility and explosive detection capabilities, highlighting their readiness for operational deployment.





ASG Ahmedabad

On 20 May 2026, a retirement ceremony was organized at ASG Ahmedabad to bid a dignified farewell to K9 Warrior Tyson, who was retired on medical grounds after rendering dedicated and exemplary service to the Force. Throughout his career, Tyson displayed unwavering loyalty, commitment and professionalism in the line of duty. Despite prolonged medical care and sustained treatment efforts, his health condition did not improve, necessitating his retirement from active service. The ceremony was a tribute to Tyson's invaluable contribution and a mark of gratitude for his years of faithful service.





ASG Cochin

On 05 May 2026, ASG Cochin organized a retirement ceremony for K9 Lora (Labrador Retriever), honouring her completion of 10 years of dedicated service in CISF. Renowned for her sharp instincts and unwavering loyalty, Lora made a significant contribution to aviation security throughout her distinguished career.






सीआईएसएफ द्वारा सराहनीय कार्य

विशाखापत्तनम स्टील प्लांट हादसा : CISF जवानों ने तुरंत संभाला मोर्चा


दिनांक 8 जून 2026 को विशाखापत्तनम स्टील प्लांट के SMS-1 कंटीन्यूअस कास्टिंग डिपार्टमेंट (CCD) एरिया में एक अचानक धमाका हुआ। घटना की खबर मिलते ही केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की सिक्योरिटी और फायर विंग के जवानों ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया। हादसे के तुरंत बाद CISF के जवानों ने पूरे प्रभावित इलाके की घेराबंदी की ताकि आपातकालीन टीमों के आने-जाने में कोई बाधा न आए। जवानों ने मौके पर भीड़ को नियंत्रित किया, लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया और स्थिति को संभाले रखा। इस दौरान CISF ने प्लांट प्रशासन, स्थानीय पुलिस, जिला प्रशासन, NDRF, SDRF और राज्य अग्निशमन विभाग (APSFS) के साथ मिलकर काम किया। सभी एजेंसियों के इस आपसी समन्वय से राहत और बचाव कार्य तेजी से पूरा किया जा सका। CISF ने इस हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताई है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। संकट की इस घड़ी में CISF के जवानों का यह त्वरित प्रयास उनकी कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भावना को दर्शाता है।





घाटमपुर अग्निकांड: CISF इकाई जीटीपीएस घाटमपुर की फायर विंग की त्वरित कार्रवाई से टला बड़ा हादसा

दिनांक 25 अप्रैल 2026 की सुबह घाटमपुर के दीना मार्केट स्थित 'राम कृष्णा स्टोर' में अचानक भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई, जीटीपीएस घाटमपुर, कानपुर (उत्तर प्रदेश) की फायर विंग तुरंत मौके पर पहुँची और देखा कि एक तीन मंजिला इमारत पूरी तरह से लपटों से घिरी हुई थी। CISF के जवानों ने बिना समय गंवाए राज्य अग्निशमन सेवा के साथ मिलकर आग पर काबू पाने का काम शुरू कर दिया। इस बेहद चुनौतीपूर्ण रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान टीम ने इमारत के अंदर से एक अचेत और घायल व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल भेजा। बड़ा हादसा होने से रोकने के लिए CISF के जवानों ने अपनी जान जोखिम में डालकर इमारत से कई रसोई गैस (LPG) सिलेंडर बाहर निकाले, जिससे आसपास की दुकानों और मकानों को एक बड़े विस्फोट की चपेट में आने से बचा लिया गया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। त्वरित कार्रवाई और सूझबूझ से CISF के जवानों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वे न केवल औद्योगिक संपत्तियों की रक्षा, बल्कि नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा के लिए भी हमेशा तत्पर रहते हैं।







Mock Exercises

Mock Exercise on 'Armed attack at Domestic city side and hostage situation at MLCP' at CISF Unit ASG Mumbai

On 24.04.2026 a multi-agency mock exercise on 'Armed attack at Domestic city side and hostage situation at MLCP of CSMIA Mumbai' was conducted at ASG Mumbai to evaluate preparedness and strengthen coordinated response to potential terror threats. Personnel from CISF, NSG, Fire, Medical, MIAL and Local Police participated in the exercise.





Joint Mock Exercise at CISF Unit TVHP NTPC Tapovan


On 29.05.2026, a joint mock exercise on scenario of cloudburst and flood response was conducted at CISF Unit TVHP NTPC Tapovan. Personnel from Garhwal Scouts, ITBP, NDRF, SDRF, State Fire Services, Local Police, BRO, NTPC, IB, LIA, SDM Office, HCC, Medical Teams and other stakeholders actively participated in the exercise. The exercise aimed to validate disaster response mechanisms, strengthen coordination among stakeholders and enhance preparedness for timely rescue, relief and emergency management operations during adverse situations.





Joint Mock Exercise at CISF Unit PVUNL, Patratu

On 25.05.2026, a joint mock exercise on scenario of acid leakage was conducted at CISF Unit PVUNL, Patratu. Personnel from NDRF, CISF Fire & Security Wings, PVUNL Management, Medical Teams and Jharkhand Police participated in the exercise. The exercise aimed to assess emergency preparedness and inter-agency coordination.





संरक्षिका गतिविधियाँ

सीआईएसएफ संरक्षिका ने हल्दीराम स्किल एकेडमी और ALS IAS के साथ MoU साइन किया

दिनांक 15.05.2026 को सीआईएसएफ संरक्षिका ने हल्दीराम स्किल एकेडमी और ALS IAS के साथ दो महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों (MoU) पर हस्ताक्षर किए। यह कार्यक्रम 5वीं रिजर्व बटालियन, गाज़ियाबाद में आयोजित किया गया, जिसमें संरक्षिका की वाइस प्रेसिडेंट (सेक्रेटरी) श्रीमती शैली मल्लिक ने MoU पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर संरक्षिका की प्रेसिडेंट श्रीमती मालविका राय, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट श्रीमती आरती सिंह तथा अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

हल्दीराम स्किल एकेडमी के साथ हुए समझौते का उद्देश्य संरक्षिका सदस्यों और CISF कर्मियों के आश्रितों को विभिन्न कौशल विकास एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है। वहीं ALS IAS के साथ हुए समझौते के तहत CISF कर्मियों, शहीद एवं दिवंगत कर्मियों के आश्रितों, संरक्षिका सदस्यों तथा पूर्व कर्मियों के परिवारों को UPSC सिविल सेवा सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शन और मेंटरशिप प्रदान की जाएगी।





श्रीमती मालविका राय, अध्यक्ष संरक्षिका, हल्दीराम स्किल एकेडमी और ALS IAS के साथ MoU साइन समारोह के दौरान संरक्षिका सदस्याओं के साथ

मदद के हाथ एएसजी तिरूपति

दिनांक 23.04.2026 को सीआईएसएफ इकाई एएसजी तिरुपति की संरक्षिका सदस्याओं ने तिरुपति स्थित '**अभय क्षेत्रम्**' में राशन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। अभय क्षेत्रम् आंध्र प्रदेश के तिरुपति में शारीरिक एवं मानसिक रूप से दिव्यांग अनाथ बच्चों, निराश्रित महिलाओं तथा वृद्धजनों के लिए संचालित एक आश्रय गृह है। सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए संरक्षिका सदस्याओं ने आश्रय गृह के निवासियों के लिए चावल, दाल, खाद्य तेल एवं सब्जियों सहित आवश्यक राशन सामग्री वितरित की। राशन वितरण के साथ-साथ उन्होंने वहां रह रहे लोगों के साथ समय बिताया, उनसे संवाद किया तथा खुशियाँ और अपनापन साझा किया।





लेख एवं कविता संकलन

महानिदेशक महोदय के निर्देशानुसार इस संस्करण में लेख एवं कविताओं को भी सम्मिलित किया गया है। इस पहल का उद्देश्य बल के सदस्यों को लेखन एवं काव्य के माध्यम से अपने विचारों, अनुभवों एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति का अवसर प्रदान करना है। साथ ही, इन रचनाओं के माध्यम से पाठकों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ उनकी साहित्यिक एवं बौद्धिक अभिरुचि को भी प्रोत्साहन मिलेगा। इस संस्करण के लिए चयनित लेख एवं कविताएँ निम्नलिखित हैं:

खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 (MMDR ACT, 1957) के अंतर्गत 'शून्य कोयला रिसाव' : सीआईएसएफ की रणनीति एवं प्रयास



"धरती के गर्भ से निकलने वाला खनिज केवल संसाधन नहीं, बल्कि राष्ट्र की प्रगति का प्रणोदक है।"

भारत की आर्थिक उन्नति, औद्योगिक विकास तथा ऊर्जा सुरक्षा का प्रमुख आधार खनन क्षेत्र है जहाँ लगभग 95 प्रकार के खनिजों का उत्पादन होता है। खनन एवं उत्खनन क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में लगभग 2-2.5 प्रतिशत का योगदान देने के साथ-साथ लाखों लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध कराता है। 900 मिलियन टन से अधिक वार्षिक उत्पादन के साथ कोयला क्षेत्र भारत की ऊर्जा सुरक्षा का प्रमुख आधार है जहाँ "शून्य कोयला रिसाव" सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) राष्ट्र के एक सजग, सक्षम एवं रणनीतिक प्रहरी के रूप में निरंतर कार्यरत है।

वर्तमान में, भारत सरकार की 21 नवम्बर 2025 की राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 (MMDR Act) की धारा 22, 23B एवं 24 में संशोधन के अंतर्गत सीआईएसएफ को प्रदत्त वैधानिक शक्तियों ने कोयला सुरक्षा व्यवस्था को नई दिशा प्रदान की है। इन अधिकारों के प्रभावी उपयोग, सुदृढ़ खुफिया तंत्र, तकनीकी निगरानी तथा कोयला कंपनियों एवं संयंत्रों तथा स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वित कार्रवाई से सीआईएसएफ ने अवैध कोयला खनन, चोरी एवं अनाधिकृत परिवहन के विरुद्ध अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया है। गृह मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप यह अभियान **"शून्य कोयला रिसाव** (Zero Coal Leakage)" के राष्ट्रीय लक्ष्य एवं ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

इन्हीं प्रयासों के परिणामस्वरूप महज 20 जून से 26 जुलाई 2026 के दौरान सीआईएसएफ ने विभिन्न कोयला क्षेत्रक राज्यों जैसे झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, म.प्र. इत्यादि के संयंत्रों एवं प्रतिष्ठानों में 150 से अधिक खुफिया-आधारित छापेमारी कर लगभग 4,200 मीट्रिक टन अवैध रूप से खनन एवं परिवहन किए गए कोयले को जब्त किया, जिसका अनुमानित मूल्य ₹2,66,32,724 (लगभग ₹2.66 करोड़) है। इस अवधि में CISF द्वारा सीधे मजिस्ट्रेट के पास 155 केस दर्ज, 17 प्राथमिकी दर्ज, 8 आरोपियों की गिरफ्तारी तथा 249 वाहनों को जब्त किया गया। ये उपलब्धियाँ MMDR Act के प्रभावी क्रियान्वयन तथा सीआईएसएफ की परिचालन दक्षता का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं।

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में पश्चिम एशिया की भू-राजनीतिक परिस्थितियों तथा ऊर्जा आपूर्ति (खासकर गैस आपूर्ति) श्रृंखलाओं में बढ़ती अनिश्चितताओं ने भारत के लिए ऊर्जा आत्मनिर्भरता की आवश्यकता को और अधिक महत्वपूर्ण बना दिया है। इसी दृष्टि से भारत सरकार ने लगभग ₹37,500 करोड़ की प्रोत्साहन योजना के माध्यम से **कोयला गैसीकरण** (Coal Gasification) को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है। इस परिकल्पना की सफलता सुरक्षित एवं निर्बाध कोयला आपूर्ति पर निर्भर है। ऐसे में **"शून्य कोयला रिसाव"** केवल एक सुरक्षा लक्ष्य नहीं, बल्कि राष्ट्रीय ऊर्जा रणनीति का अभिन्न अंग बन गया है। आधुनिक खनन क्षेत्र की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप सीआईएसएफ तकनीकी नवाचारों के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था को निरंतर सुदृढ़ कर रहा है। एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र (ICCC), ड्रोन एवं सीसीटीवी निगरानी, त्वरित प्रतिक्रिया दल (QRT), विशेष कोयला छापामार दल (CRT), प्रभावी SOPs तथा एंटी-ड्रोन सहित आधुनिक सुरक्षा प्रणालियों का प्रशिक्षण सुरक्षा को अधिक वैज्ञानिक, त्वरित एवं परिणामोन्मुख बना रहा है।

कोयला सुरक्षा के क्षेत्र में स्थायी एवं प्रभावी परिणाम प्राप्त करने के लिए सीआईएसएफ, कोयला कंपनियों तथा संबंधित प्रवर्तन एजेंसियों के समन्वित प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। विशेष रूप से संगठित कोयला चोरी एवं कोयला माफिया से जुड़े मामलों की वित्तीय जाँच कर उन्हें आर्थिक अपराध (Economic Offences) तथा धन शोधन (Money Laundering) के दायरे में लाना एक प्रभावी रणनीति सिद्ध हो सकती है। इससे अपराधियों के आर्थिक नेटवर्क पर प्रभावी प्रहार होगा तथा अवैध खनन एवं चोरी पर स्थायी नियंत्रण स्थापित करने में सहायता मिलेगी।

खनन क्षेत्रों की दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों, संगठित अपराध तंत्र तथा अवैध खनन एवं कोयला तस्करी की चुनौतियों के बीच केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) राष्ट्र की औद्योगिक एवं आर्थिक परिसंपत्तियों की सुरक्षा के साथ-साथ चिकित्सा शिविरों, जन-जागरूकता अभियानों, आपदा राहत एवं स्थानीय समुदायों के सहयोग के माध्यम से अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का भी प्रभावी निर्वहन कर रहा है। वर्तमान में, 'आत्मनिर्भर भारत' एवं 'विकसित भारत' के लक्ष्य की प्राप्ति में कोयला एवं खनन क्षेत्र की सुरक्षा राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा की आधारशिला है। ऐसे में "शून्य कोयला रिसाव" के लक्ष्य को साकार करते हुए बहुमूल्य कोयला संसाधनों की सुरक्षा, कोयला आपूर्ति शृंखला की अखंडता बनाए रखना तथा अवैध खनन, चोरी एवं अनधिकृत परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में सीआईएसएफ आधुनिक प्रौद्योगिकी, सुदृढ़ समन्वय एवं प्रभावी प्रवर्तन के माध्यम से महत्वपूर्ण रणनीतिक भूमिका निभा रहा है। **"सुरक्षित खान-ऊर्जा की पहचान, समृद्ध भारत-हमारा अभियान"** केवल एक उद्घोष नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा के प्रति सीआईएसएफ की अटूट प्रतिबद्धता, उत्कृष्ट कार्यसंस्कृति तथा विकसित भारत के निर्माण में उसके अमूल्य योगदान का सशक्त प्रतीक है।

अनुरंजन कुमार, निरीक्षक/कार्य.
बल क्रमांक-091540269 परिचालन शाखा, बल मुख्यालय

Specialized Security Preparation for India's Atomic and Space Installations



CISF plays a critical role in safeguarding India's strategic assets, particularly facilities under the Department of Atomic Energy (DAE) and the Department of Space (DOS). Protecting nuclear facilities, satellite programs and launch centers requires far more than routine guarding—it demands specialized training, technical awareness and constant vigilance. Because security lapses at these highly sensitive sites could severely impact national security, scientific progress and public safety, CISF personnel are specifically equipped to address complex threats and protect these vital national assets.

Why Specialized Training is Necessary

Securing DAE and DOS facilities requires specialized training beyond perimeter defense, as these high-stakes strategic sites house critical laboratories, control systems and restricted operations. CISF personnel undergo targeted training to master facility layouts, emergency protocols and restricted zones, enabling swift detection of suspicious activity. Beyond identifying visible threats, this training instills a vigilant security mindset that prepares officers to detect subtle risks like insider threats, surveillance, or probing attempts.

Main Components of DAE & DOS Training

- Installation Familiarization: Thorough knowledge of campus layouts, critical buildings and access routes enables personnel to quickly distinguish normal activity from unusual movement.
- Access Control & Technical Awareness: Strong entry protocols, including identity verification, frisking and vehicle checks form the first line of defence. CISF personnel may not perform scientific work, but they must understand the importance of the facilities, systems and zones under protection. Basic orientation about critical processes, restricted equipment areas, alarm mechanisms and sensitivity of operations improves their overall effectiveness on duty.
- Anti-Sabotage & Threat Detection: Continuous training sharpens alertness during patrols and checks to identify suspicious behaviour, unidentified objects and procedural violations before incidents occur.
- Emergency Preparedness: Regular drills for fires, intrusions, bomb threats and technical accidents ensure quick, calm and coordinated responses under pressure.
- Coordination & Communication: Personnel maintain firm security discipline while communicating professionally with unit management, technical staff and emergency services.
- Adapting to Evolving Threats: Modern risks, such as drones, digital leaks, social engineering, insider threats and surveillance — demand that training remains dynamic. Regular refresher courses, workshops and updated threat assessments ensure security practices keep pace with changing technology.

The Human Element & Strategic Importance

Even in an age of advanced surveillance systems and modern screening equipment, the human element remains central to security. At DAE and DOS units, CISF personnel must display discipline, integrity, patience, sharp observation, emotional balance and a high sense of duty. These qualities become even more important because personnel are working in environments where there is little room for error.

Integrity is very vital. Personnel deployed at such installations are entrusted with protecting infrastructure which are essential from economical and development point of view. Hence, their conduct must reflect honesty, confidentiality, professionalism and complete commitment to the task.

Training helps transform these qualities into practical performance. It teaches personnel to react without panic, follow standard operating procedures strictly, maintain composure under pressure and make sound security decisions in sensitive situations. In this way, training shapes not only skill but also character.

National Importance of this Training

India's progress in atomic energy and space science is closely linked with its future growth, strategic strength and global standing. Nuclear and atomic establishments contribute to critical scientific and energy goals, while space institutions support satellite communication, weather services, navigation, research and wider national capability. Protecting these institutions is therefore essential for protecting national progress itself.

CISF's role in this framework is both silent and powerful. By securing DAE and DOS installations, CISF protects research, technology, infrastructure and the confidence of the nation. Specialized training ensures that this protection is not merely physical but intelligent, disciplined and future-ready.

Conclusion

Training of CISF personnel deployed at DAE and DOS installations are one of the finest examples of specialized security program in the country. It combines measure of physical security, technical awareness, emergency readiness, anti-sabotage and professional discipline into a single framework. As India moves forward in utilizing atomic energy and space study, the value of such training will continue to add protection in such infrastructure.

In the final analysis, the true strength of security at sensitive installations lies not only in barriers, equipment and procedures, but in the quality of the personnel who stand guard. Through dedicated training and unwavering commitment, CISF continues to serve as a strong and dependable protector of India's atomic energy and space infrastructure, CISF silently protects the scientific innovation, energy goals and strategic capabilities essential to the nation's future.

Kapil, SI/Exe
CISF No. – 150203821, CISF Unit URSC(B)

कविता शीर्षक: सीआईएसएफ-राष्ट्र के सजग प्रहरी



1. परिचय और गौरव: भारत माँ के वीर सपूतों, तुमको शत-शत नमन हमारा, तुम्हारी कर्तव्यनिष्ठा से चमक रहा भारत का तारा। वर्दी की इस शान को देखो, खाकी का यह मान निराला, जिसके आगे फीका पड़ता, दुनिया का हर वैभव-सारा।

2. औद्योगिक धरोहरों की सुरक्षा: लोहे और कोयले की खानें, जहाँ रात-दिन काम है चलता, वहाँ खड़ा है एक सिपाही, जिससे कोई नहीं है छलता। भिलाई हो या बोकारो, हर कारखाने की शान हो तुम, राष्ट्र के इन मंदिरों के, रक्षक और भगवान हो तुम। परमाणु के केंद्रों पर, तुम्हारी पैनी नजरें रहतीं, गहरी रात में भी तुम्हारी, साँसें जय भारत है कहती। इसरो और अंतरिक्ष के हर सपने को तुम सँभालते, देश के वैज्ञानिक वैभव को, हर संकट से तुम निकालते।

3. हवाई अड्डे और आधुनिक भारत: आसमान से जो भी आए या जाए परदेस को भाए हवाई अड्डों पर तुमने एक नई मिसाल है बनाई। शांत स्वभाव और तेज निगाहें यह तुम्हारी पहचान है यात्री की सुरक्षा करना तुम्हारा सबसे बड़ा ईमान है। मेट्रो की रफ्तार में तुम हो, भीड़भाड़ के इस आलम में, शहरों की धड़कन में तुम हो, शांति के दर्पण में तुम हो। हर पल जागते रहते हो तुम, ताकि चैन से सोए वतन, तुम्हारी इस कुर्बानी को, नमन करता है सारा चमन।

4. प्राकृतिक आपदा और आंतरिक सुरक्षा: केवल कारखाने ही नहीं, जब भी देश पर संकट आया, बाढ़, भूकंप या महामारी में, तुमने अपना हाथ बढ़ाया। जनता चीख पुकारती जब, रक्षक बनकर तुम आते हो, तुम्हारी सेवा की यह मूरत, सारे देश को भाती है। चुनाव का पावन पर्व हो, या वीआईपी की सुरक्षा, संसद की उन दीवारों पर, तुम्हारा ही है पहरा। हर चुनौती को हँसकर झेला, कभी न पीछे पैर हटाए, सीआईएसएफ के जवानों ने, हर पल नए कीर्तिमान बनाए।

5. अनुशासन और बलिदान: संरक्षण एवं सुरक्षा का, जो मूल मंत्र तुमने पाया, उसको अपने जीवन में, तुमने पूरी तरह समाया। कड़ी धूप हो या फिर बारिश, या ठंडी बर्फीली रातें, कर्तव्य पथ पर चलते रहना, यही तुम्हारी पावन बातें। याद करते हैं उन वीरों को, जिन्होंने प्राण गँवाए हैं, मातृ भूमि की रक्षा हेतु, अपने शीश चढ़ाए हैं। उनका यह बलिदान हमेशा, हमको राह दिखाएगा, सीआईएसएफ का हर एक राही, वीर गाथा गाएगा।

6. समापन और जयघोष: तुम हो तो यह देश सुरक्षित, तुम हो तो व्यापार सुरक्षित, तुम हो तो इस भारत माँ का, हर एक कोना-कोना रक्षित। सलाम तुम्हारी जाँबाजी को, सलाम तुम्हारी वर्दी को, तुमने मात दी है दुनिया के हर मौसम और सर्दी को। गूँज रहा है अंबर में, अब सीआईएसएफ का ही नाम, भारत के इन वीर प्रहरियों को, हमारा कोटि-कोटि प्रणाम। जय हिंद की सेना, तुम्हारी जय-जयकार हो, हर जन के दिल में तुम्हारे, प्रति सम्मान और प्यार हो।

सुदेश यादव, उपनिरीक्षक/आशुलिपिक
बल संख्या 130404370, केऔसुब इकाई बीएनपी देवास

''भारत के वीर'' पोर्टल: अपील



"भारत के वीर" (https://bharatkeveer.gov.in/) पोर्टल का शुभारंभ वर्ष 2017 में केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने तथा उनके परिजनों को आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया था। यह एक ऐसा डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो देशवासियों को शहीद जवानों के परिवारों को सीधे आर्थिक सहायता पहुँचाने का अवसर देता है, ताकि उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके। इस पोर्टल के माध्यम से प्रत्येक शहीद के परिवार को अधिकतम ₹25 लाख तक की वित्तीय सहायता दी जा सकती है। यह पूर्णत: पारदर्शी और सहभागिता पर आधारित प्रणाली है, जिससे दान की गई राशि सीधे पात्र लाभार्थियों के खाते में पहुँचती है। इसके अतिरिक्त, पोर्टल पर शहीदों के परिचय, उनके बल और उनके अतुलनीय योगदान से जुड़ी जानकारी भी उपलब्ध कराई जाती है। "भारत के वीर" पोर्टल न केवल आर्थिक सहयोग का साधन है, बल्कि राष्ट्र रक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीरों के प्रति देशवासियों के सम्मान, श्रद्धा और कृतज्ञता का प्रतीक भी है। यह नागरिकों को जागरूक कर उन्हें शहीदों के परिवारों के समर्थन के लिए प्रेरित करता है।

Concept & Design : PR Cell
Pradeep Kumar Shaw, Inspector/Exe
Kundan Singh, Inspector/Exe
Anuj Kumar, Sub-Inspector/Exe
Manish Martoliya, ASI/Min

Photography : Photo Cell
Om Prakash Dixit, Sub-Inspector/Exe
Narendra Verma, ASI/Exe

Published by:
CISF Directorate General
13, C.G.O. Complex, Lodhi Road,
New Delhi - 110003 (India)

Design & Print by : kam@kamstudio.net